हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 25 सितंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 दिन में नपा ने 35 सुअर पकड़े, रात में चलाया कुत्ते पकड़ने का...



09 'हनुमान अंश' के बाल कलाकार सात्विक का सिरोंज में ...



खबर संक्षेप

28 से 30 तक बैंकों में हड़ताल, रविवार को खुली रहेंगी बैंक

विदिशा। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स ने 28, 29 और 30 सितंबर को राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल का आह्वान किया है। वहीं 26 सितंबर को चौथा शनिवार होने से अवकाश है। ऐसे में राष्ट्रीयकृत बैंक शाखाओं ने रविवार को बैंकिंग सेवाएं जारी रखने का निर्णय लिया है। जिला अग्रणी बैंक कार्यालय ने ग्राहकों से अपील की है कि रविवार को अपने लेनदेन कर सकते हैं। नकदी की जरूरत पहले से पूरी करने और आवश्यकता होने पर एटीएम का उपयोग करने की सलाह दी गई है। ग्राहकों से इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई और अन्य डिजिटल माध्यमों का उपयोग करने को कहा गया है।

वृद्ध आश्रम में एनसीसी स्वयंसेवकों ने हास्य नाटिका से बांटी मुस्कान

विदिशा। राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर जैन कॉलेज की एनसीसी इकाई ने श्री हरि वृद्ध आश्रम पहुंचकर हास्य नाटिका से वृद्धजनों का मनोरंजन किया। आश्रम में ठहाके गूंज उठे और वृद्धजनों के चेहरों पर मुस्कान नजर आई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयश्री बोराना की उपस्थिति में महाविद्यालय परिसर में भी स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्रो. अंकित शर्मा, डॉ. उर्वशी उदावत, डॉ. मंजूषा पांडे सहित स्वयंसेवकों ने सहभागिता की।

राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर 95 मरीजों का परीक्षण

विदिशा। 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में आयुष्मान आरोग्य मंदिर खमतला स्थित आयुष औषधालय में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। 10 औषधीय पौधों का रोपण कर ग्रामीणों को उनकी देखरेख की जिम्मेदारी दी गई। शिविर में 95 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं रोग निदान कर निशुल्क औषधियां दी गईं। मरीजों की प्रकृति परीक्षा कर योग, आहार, दिनचर्या और ऋतुचर्या की जानकारी दी गई। चिकित्सा अधिकारी डॉ. चेतन टिक्कस ने स्वच्छता, घर का भोजन लेने और तुलसी, गुडवेल, अदरक व हल्दी के सेवन की सलाह दी।

पूर्व विधायक की धर्मपत्नि कौशल्या देवी का निधन



विदिशा। पूर्व विधायक स्वर्गीय शंभूसिंह की धर्मपत्नी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद प्रताप सिंह की नानीसाब कौशल्या देवी का 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से परिजनों एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर है। वे महेंद्र सिंह राजपूत एवं शिवेंद्र सिंह राजपूत की माताजी तथा करण राजपूत और यशवर्धन सिंह चंदेल की दादीसाब थीं। गुरुवार दोपहर 3 बजे किले अंदर स्थित छोटी हवेली से उनकी अंतिम यात्रा बेतवा तट स्थित मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। अस्थि संचय शनिवार की सुबह होगा।

जिले की 390 राशन दुकान संचालकों से होना है 16 करोड़ की वसूली

गरीबों के राशन वितरण में मनमानी पर 5 राशन दुकान संचालकों पर एफआईआर

गरीबों के राशन पर डांका डालने वाले राशन दुकान संचालकों पर गाज गिरना शुरू हो गई है। राशन दुकान संचालकों द्वारा गरीबों का राशन हड़पने की खबर हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। खबर में यह उजागर किया गया था की 390 राशन दुकान संचालकों से 16 करोड़ रुपए की वसूली की जानी है जो 10 माह बीत जाने के बाद भी अधूरी है। इसके बाद कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने यह एक्शन लिया है।



हरिभूमि

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने समितियों और दल गठित कर कराई थी जांच

जांच में निकली 390 राशन दुकानों से 16 करोड़ की वसूली, 10 माह बाद भी अधूरी

खाद्य विभाग ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए



- दुकान संचालकों से वसूली में भी की जा रही ढीलपोल।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिलेभर में 390 राशन दुकान संचालकों पर करीब 10 माह पहले कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने 16 करोड़ 4 लाख रुपए की रिकवरी निकाली थी। वसूली का जिम्मा जिला आपूर्ति विभाग को दिया गया। राशन दुकान संचालकों को बचाने के लिए विभाग वसूली में ढीलपोल करता रहा और 10 महीने का समय निकाल दिया। 3 नवंबर 2025 को कलेक्टर ने 16 करोड़ से अधिक की राशि की वसूली के आदेश जारी किए थे। जब इस मामले को हरिभूमि ने उठाया तो विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी। वार्ड 22 एवं वार्ड 24 में जिला थोक उपभोक्ता भंडार विदिशा द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान कोड 2701076 एवं दुकान कोड 2701078 में राशन वितरण संबंधी अनियमितताएं पाए जाने पर प्रबंधक योगेन्द्र तोमर एवं विक्रेता अखिलेश शर्मा के विरुद्ध संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। वहीं विदिशा नगरपालिका के वार्ड 18 में नवज्योति उपभोक्ता भंडार विदिशा द्वारा संचालित वार्ड 18 की शासकीय उचित मूल्य की दुकान कोड 2701072 में अनियमितता पाए जाने पर विक्रेता जितेंद्र भदौरिया एवं सहायक विक्रेता हर्ष अग्रवाल के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है।

इसी तरह गुरारिया लश्करपुर में रिया आजीविका स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान कोड 2701113 में अनियमितता पाए जाने पर समूह की अध्यक्ष प्रियंका भार्गव, विक्रेता रश्मि शर्मा एवं सहायक विक्रेता रवि शर्मा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। ग्राम रिनिया में लघु वनोपज सहकारी समिति टोरी बागरोद द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान रिनिया में राशन वितरण में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर प्रबंधक सुनील वर्मा एवं विक्रेता यशपाल सिंह यादव के विरुद्ध संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं जानकी स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान जगथर में अनियमितता पाए जाने पर समूह की अध्यक्ष अनारबाई, विक्रेता शिवानी यादव एवं सहायक विक्रेता हिमांशु यादव के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही अथवा नियमों के उल्लंघन की शिकायत अथवा जांच में पुष्टि होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

चल समारोह के लिए यातायात व्यवस्था बदली

25 को दोपहर 12 बजे से पुराना अस्पताल तिराहे से रामलीला तक चार पहिया वाहन रहेंगे प्रतिबंधित



विदिशा। चल समारोह से पहले निकाले गए फ्लैग मार्च में निर्देश देते एसपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर आज शहर में चल समारोह निकाल जाएगा। जिसको लेकर पुलिस टीमें मुस्तैद हो गई हैं। गुरुवार शाम को फ्लैग मार्च निकाला गया। यातायात पुलिस ने मार्ग प्रतिबंध और डायवर्सन व्यवस्था जारी की है। यह व्यवस्था 25 सितंबर दोपहर 12 बजे से 26 सितंबर सुबह 8 बजे तक लागू रहेगी।

इस दौरान दोपहिया, तीन पहिया, चार पहिया और सभी भारी वाहनों का आवागमन पुराना अस्पताल तिराहा से माधवगंज, तिलक चौक, बड़ा बाजार, बजरिया होते हुए रामलीला तक प्रतिबंधित रहेगा। इसी तरह रामलीला से तोपपुरा, बजरिया, बड़ा बाजार, तिलक चौक, कोतवाली, माधवगंज होते हुए पुराना अस्पताल तिराहा तक भी वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। अशोकनगर और गुना से भोपाल जाने वाले वाहन ढोलखेड़ी से उदयगिरि और सांची होते हुए भोपाल की ओर जाएंगे। राहतगढ़ और सागर जाने वाले वाहन ढोलखेड़ी से ओलंपस स्कूल और धतुरिया बाईपास होते हुए सागर की ओर जा सकेंगे।

विवेकानंद चौराह से रामलीला और ढोलखेड़ी की ओर जाने वाले तीनपहिया व चारपहिया वाहन महलघाट, मीणा धर्मशाला होकर ढोलखेड़ी की ओर जाएंगे। वहीं गुना, अशोकनगर और ढोलखेड़ी से विदिशा आने वाले वाहन मीणा धर्मशाला और महलघाट होकर शहर में प्रवेश कर सकेंगे। यातायात पुलिस ने आमजन से निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

एशियन ताइक्वांडो चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता शुभ का सम्मान

विदिशा। एशियन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले ताइक्वांडो खिलाड़ी हवलदार शुभ यादव का गुरुवार को एसपी कार्यालय में सम्मान किया गया। एसपी रोहित काशवानी ने शुभ यादव को मेडल पहनाकर उनकी उपलब्धि की सराहना की और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। 20 वर्षीय शुभ यादव सर्विसेज ताइक्वांडो टीम, भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने अंडर-58 किलोग्राम भार वर्ग में 2026 की 8वीं एशियन इंडोनेशिया ताइक्वांडो चैंपियनशिप (जी2) में रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा पुणे में हुई सीनियर नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता और सीजे वियतनाम ओपन 2026 में भी हिस्सा लिया। शुभ ने ताइक्वांडो का प्रशिक्षण पुलिस ताइक्वांडो क्लब, पुलिस लाइन विदिशा से शुरू किया था। एएसपी मोनिका तिवारी, डीएसपी भूर सिंह चौहान, रक्षित निरीक्षक नीरज सिकरवार सहित पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी। कोच प्रधान आरक्षक दिलीप थापा भी मौजूद रहे।



21 दिन बाद खुला दिव्यांग बच्चों का स्कूल, तुड़वाया ताला

शिक्षिकाओं ने संस्था अध्यक्ष के खिलाफ वेतन से पैसे लेने की शिकायत भी की थी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बच्चों का स्कूल सूरज निकेतन 21 दिन से बंद था। प्रशासन ने अब सरकारी भवन का ताला तुड़वाकर उस पर कब्जा ले लिया है। कार्रवाई के बाद स्कूल का संचालन दोबारा शुरू कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

एसडीएम मनीष जैन के निर्देश पर राजस्व, सामाजिक न्याय विभाग और नगरपालिका की संयुक्त टीम स्कूल पहुंची। टीम ने सरकारी भवन का ताला तोड़ा और पंचनामा तैयार कर भवन का कब्जा लिया। अधिकारियों के मुताबिक स्कूल का संचालन सूरज निकेतन संस्था कर रही थी। शिकायत मिली थी कि संस्था के अध्यक्ष ने सरकारी भवन पर गैरकानूनी तरीके से ताला लगा दिया था। स्कूल 21 दिनों से बंद था। कार्रवाई के दौरान भवन में रखे फर्नीचर, पढ़ाई के सामान और अन्य चीजों की सूची बनाई गई। यह सूची सामाजिक न्याय विभाग को सौंप दी गई। मौके पर विभागीय अधिकारी, नगरपालिका कर्मचारी और स्कूल की शिक्षिकाएं मौजूद थीं।



कागजी कार्रवाई करते हुए टीम

मिली थीं शिकायतें

शिक्षिकाओं ने अधिकारियों को बताया कि संस्था के अध्यक्ष के खिलाफ वेतन से पैसे लेने की शिकायतें पहले भी की गई थीं। अधिकारियों के अनुसार इन शिकायतों की जांच पहले ही हो चुकी है। मौजूदा कार्रवाई बड़े अधिकारियों के निर्देश पर की गई है। प्रशासन का कहना है कि स्कूल दोबारा शुरू कराने के लिए आगे की कार्रवाई की जाएगी, ताकि दिव्यांग बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

मंडी में 25 से 30 तक नीलामी कार्य रहेगा बंद

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। कृषि उपज मंडी में 25 से 30 सितंबर तक छह दिनों के लिए नीलामी कार्य बंद रहेगा। अनाज व्यापारियों के अनुसार 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी, 26 को माह का चौथा शनिवार और 27 को रविवार होने के कारण मंडी में नीलामी नहीं होगी। इसके अलावा 28 से 30 सितंबर तक बैंकों की देशव्यापी तीन दिवसीय हड़ताल प्रस्तावित है। बैंकिंग कार्य बंद रहने के कारण इन दिनों भी मंडी में नीलामी कार्य स्थगित रहेगा। अनाज तिहलन कल्याण उत्थान संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी ने किसानों ने अवकाश वाले दिनों में उपज मंडी में न लाने की अपील की है।

दशहरा उत्सव: राजपूत समाज ने बनाई संचालन समिति

संगठन को तहसील, नगर, वार्ड और पंचायत स्तर तक मजबूत करने पर चर्चा।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



बैठक में बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

महाराणा प्रताप राजपूत विकास समिति के तत्वावधान में बुधवार को महाराणा प्रताप मांगलिक भवन में राजपूत समाज की बैठक हुई।

आगामी दशहरा उत्सव को भव्य एवं गरिमामय रूप से आयोजित करने के साथ समाज के संगठन को तहसील, नगर, वार्ड और पंचायत स्तर तक मजबूत करने पर चर्चा हुई। बैठक में वरिष्ठ समाजजन, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। समाज की एकजुटता, संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों को लेकर सदस्यों ने सुझाव रखे। दशहरा उत्सव के सफल संचालन के लिए दशहरा उत्सव संचालन समिति का गठन किया गया। इसमें सरपंच जितेंद्र सिंह राजपूत को संयोजक बनाया गया। साथ ही आगामी दिनों में बासौदा, शमशाबाद, पठारी सहित जिले के अन्य क्षेत्रों से सह-संयोजकों की नियुक्ति करने का निर्णय लिया गया। बैठक में समाज के सभी संगठनों और समाजबंधुओं से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि दशहरा उत्सव को व्यापक स्वरूप देने के साथ संगठन को ग्राम से जिला स्तर तक मजबूत किया जाएगा। बैठक में ट्रस्ट अध्यक्ष प्रदीप सिंह चंदेल, राजेंद्र सिंह, गणपत सिंह, दशरथ सिंह, जगदीप सिंह, शिव प्रताप सिंह, प्रवीण सिंह, अनिरुद्ध प्रताप सिंह, बहादुर सिंह, उदय पाल सिंह, कमल सिंह पहलवान, क्षितिज सिंह गौतम, प्रेम सिंह, योगेंद्र भदौरिया, राजाराम राजपूत आदि मौजूद रहे।

आज निकलेगा 42वां गणेश विसर्जन चल समारोह

100 से अधिक झांकियां होंगी शामिल, 8 बजे शुरू होकर प्रमुख मार्गों से गुजरेगा समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

संचालन के लिए बनाए गए हैं छह मंच


अनंत चतुर्दशी के अवसर पर आज शुक्रवार को शहर में 42वां ऐतिहासिक गणेश विसर्जन चल समारोह निकलेगा। यह समारोह रात 8 बजे पुराना अस्पताल रोड स्थित नगरपालिका के सामने प्रवेश द्वार से शुरू होगा। समिति के अनुसार इस बार चल समारोह में शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के गणेश पंडालों की 100 से अधिक झांकियां शामिल होंगी।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामराज किशोर सिंह दांगी की अध्यक्षता में यह पहला आयोजन है। श्री चल समारोह का संचालन समिति के छह मंचों से किया जाएगा। इनमें आबकारी मंच, माधवगंज मंच, पुरानी नगर पालिका मंच, तिलक चौक मंच, बड़ा बाजार निर्णायक मंडल मंच और बड़ी बजरिया मंच शामिल हैं। आबकारी मंच से झांकियों को क्रमांक आवंटित किए जाएंगे। समारोह नगर पालिका के सामने से आबकारी कार्यालय, माधवगंज, निकासा, तिलक चौक, बड़ा बाजार, बजरिया, तोपपुरा होते हुए श्रीरामलीला चौराहा और इसके बाद विसर्जन स्थल पहुंचेगा। समिति ने बताया कि सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में यह लगातार 13वां चल समारोह है। समिति ने श्रद्धालुओं से मार्ग पर पहुंचकर झांकियों के दर्शन करने और आयोजन में उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है।

गणेशोत्सव 2026 के संयोजक सोनू गोस्वामी, महामंत्री विजय दीक्षित, कोषाध्यक्ष डॉ. संतोष जैन, प्रवक्ता विमलेश सक्सेना व कपिल मतानी तथा मीडिया प्रभारी सोम सोनी व राजू रैकवार सहित समिति के पूर्व अध्यक्ष और सदस्य आयोजन में सहयोग करेंगे।

सोयाबीन फसल के मुआवजे और बीमा की मांग, किसान कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर



किसान संघ के बैनर तले सौंपा ज्ञापन।

अल्प वर्षा और पीला मोजेक रोग से अटारी खेजड़ा, ग्यारसपुर और हैदरगढ़ क्षेत्र के कई गांवों में सोयाबीन फसल प्रभावित होने पर किसान कांग्रेस ने गुरुवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

किसानों और कांग्रेस पदाधिकारियों ने नारेबाजी करते हुए प्रभावित फसलों का तत्काल सर्वे कराने और पात्र किसानों को नियमानुसार मुआवजा व फसल बीमा राशि दिलाने की मांग की। ज्ञापन में बची हुई सोयाबीन की फसल का पंजीयन तत्काल शुरू कराने की मांग भी की गई, ताकि किसान उपज बेच सकें। किसानों ने खाद वितरण में ई-टोकन व्यवस्था के कारण हो रही परेशानी का हवाला देते हुए इसे समाप्त कर व्यवस्था सरल बनाने की मांग रखी। तहसीलदार ने ज्ञापन प्राप्त कर मांगपत्र मुख्यमंत्री तक भेजने का आश्वासन दिया। किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत दांगी ने कहा कि प्राकृतिक कारणों से किसानों को नुकसान हुआ है। प्रशासन को शीघ्र सर्वे कराकर राहत दिलानी चाहिए। विदिशा विधानसभा अध्यक्ष महेंद्र सिंह किरार ने भी प्रभावित किसानों को मुआवजा और बीमा राशि दिलाने की मांग की।

पुलिस आवासों की गुणवत्ता जांची, कैंटीन और जिम भी देखा

एसपी ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

एसपी रोहित काशवानी ने गुरुवार को पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय आवासों में चल रहे नवीनीकरण कार्य की प्रगति, निर्माण की गुणवत्ता और इस्तेमाल की जा रही सामग्री की जानकारी ली। एसपी ने अधिकारियों को काम तय समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

एसपी ने कहा कि पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं देना विभाग की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से पुलिस लाइन के पुराने शासकीय आवासों का नवीनीकरण किया जा रहा है। इससे पुलिस परिवारों को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास उपलब्ध हो सकेंगे।

सामान की व्यवस्था देखी

एसपी ने पुलिस कैंटीन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने राशन, ग्रॉसरी और रोजमर्रा के सामान की उपलब्धता की जानकारी ली। साथ ही स्टॉक और सामान की गुणवत्ता की व्यवस्था देखी। उन्होंने अधिकारियों को जरूरी सामान की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस कैंटीन से अधिकारी-कर्मचारियों और उनके परिवारों को कम कीमत पर जरूरी सामान उपलब्ध कराया जाता है।



विदिशा। पुलिस परिवारों के लिए की गईं व्यवस्थाओं का जायजा लेते एसपी।

जिम में सुविधाओं की जानकारी ली



एसपी ने पुलिस लाइन स्थित जिम का निरीक्षण किया। उन्होंने जवानों के लिए उपलब्ध फिटनेस सुविधाओं और उपकरणों की जानकारी ली। एसपी ने जिम उपकरणों के नियमित रखरखाव और उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शारीरिक रूप से स्वस्थ पुलिस बल कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-5860
सरसों
न्यूनतम भाव-1310
उच्चतम भाव-7700
चना
न्यूनतम भाव-4510
उच्चतम भाव-6760
मसूर
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-8600
शरबती
न्यूनतम भाव-3230
उच्चतम भाव-5000
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2451
उच्चतम भाव-3118
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2537
उच्चतम भाव-2612
बटरी
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-4200
मूंग
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-7281
उड़द
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-8050
मक्का
न्यूनतम भाव-1950
उच्चतम भाव-1950
धान
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-4180
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3600
धनिया
न्यूनतम भाव-12500
उच्चतम भाव-12600

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 7444 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

कृषि उपज मंडी में 6 दिनों तक रहेगा अवकाश



गंजबासौदा। कृषि उपज मंडी में लगातार छह दिनों तक डाक नीलामी बंद रहेगी। यह अवकाश 25 से 30 सितंबर तक रहेगा। कृषि उपज मंडी समिति द्वारा किसानों को सूचना दे दी गई है। मंडी सचिव सोहनलाल ने बताया कि 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी, 26 सितंबर को चौथा शनिवार और 27 सितंबर को रविवार होने के कारण अवकाश रहेगा। इसके अलावा, 28, 29 और 30 सितंबर को बैंकों की हड़ताल के चलते मंडी बंद रहेगी। इस दौरान किसान अपनी उपज लेकर मंडी में न आएं। अवकाश खत्म होने के बाद मंडी को सामान्य रूप से संचालित किया जाएगा और डाक नीलामी फिर से शुरू होगी। किसानों के साथ-साथ व्यापारियों और हम्माल भाइयों को भी डाक नीलामी बंद होने की जानकारी दे दी गई है।

पुलिस ने तीन शराब तस्करों से 46 हजार की शराब जब्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



शहर थाना पुलिस ने गुरुवार को अलग-अलग मामलों में कुल 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 54 लीटर अवैध देशी शराब और 10 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब जब्त की है। जब्त की गई शराब की कुल कीमत 46 हजार रुपये बताई गई है। जिसमें 45 हजार रुपए की 54 लीटर अवैध देशी शराब, 1 हजार रुपये की 10 लीटर कच्ची शराब शामिल है। वहीं एक युवक को शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पकडकर उससे 3 लाख रुपये की एक सफेद रंग की सिलेरियो कार भी जब्त की है। प्राप्त जानकारी के नअुसार पुलिस ने गोलू उर्फ सूर्यांश रघुवंशी उम्र 22 साल, निवासी चार खंबा वाली गली को गिरफ्तार कर उसके पास से 5 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब मिली। जिस पर आबकारी एक्ट की धारा 49-ए के तहत केस दर्ज किया गया है। दूसरे आरोपी सौरभ अहिरवार उम्र 25 साल, निवासी रविदास कॉलोनी वार्ड नंबर 4 को 5 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया। उस पर भी आबकारी एक्ट की धारा 49-ए के तहत केस दर्ज किया गया है। तीसरे आरोपी देवेंद्र उर्फ निब्बू अहिरवार उम्र 34 साल, निवासी वार्ड नंबर 4 रविदास कॉलोनी के पास से 54 लीटर अवैध देशी शराब जब्त की गई। उस पर आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत केस दर्ज हुआ है। आरोपी देवेंद्र उर्फ निब्बू अहिरवार ने कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट के एक साल के जिलाबदर आदेश का भी उल्लंघन किया था। इस पर उसके खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 और 15 के तहत एक और केस दर्ज किया गया है। इसके अलावा, रामरतन उर्फ मोनू रघुवंशी उम्र 42 साल, निवासी वार्ड नंबर 14 शिवनगर को शराब के नशे में सफेद रंग की सिलेरियो कार क्रमांक MP04ZK8667 चलाते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने उसकी गाड़ी जब्त कर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की है। शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की सूचनाओं के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि शहर में लगातार ऐसे अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

कलेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गुरुवार को सुबह कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा नगर में होने वाले गणेश विसर्जन हेतु की गई तैयारियों का निरीक्षण किया गया एवं जरूरी निर्देश प्रदान किए गए। इस मौके पर एसडीएम अनुभा जैन, एसडीओपी शिखा भलावी, नपा सीएमओ अशोक वर्मा, एसडीओ पीडब्लूडी प्रदीप धाकड़ सहित अन्य प्रशासनिक अमला मौके पर उपस्थित रहा। गंज घाट पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इस दौरान सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु दिनांक शुक्रवार की शाम 4 बजे से शनिवार की सुबह 8 बजे तक यातायात डायवर्सन व्यवस्था लागू रहेगी। असुविधा से बचने के लिए नागरिकों से निर्धारित परिवर्तित मार्ग का उपयोग करने की अपील की गई है। उधर एसडीएम ने अम्बानगर एवं मसूदपुर सेक्टर की 23 पंचायतों में आयोजित होने वाले जन विश्वास अभियान के शिविरो के संबंध में समीक्षा बैठक ली। जिसमें संबंधित विभागों को तुरंत आवश्यक कार्रवाई करने, सीएम हेल्पलाइन एवं अन्य लंबित शिकायतों का निराकरण मौका स्थल पर जाकर 2 दिवस में किए करने के लिए निर्देशित किया गया।

नागरिकों की लगातार शिकायतों के बाद नपा प्रशासन आया हरकत में

दिन में नपा ने 35 सुअर पकड़े, रात में चलाया कुत्ते पकड़ने का अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





नगर पालिका ने शहर में विचरण कर रहे आवारा सुअरों को पकड़ने के लिए एक बार फिर विशेष मुहिम शुरू कर दी है। गुरूवार को इस अभियान के तहत नगर से करीब 35 सुअरों को पकडकर बाहर भेजा गया। वहीं रात में आवारा कुत्तों को पकडने का अभियान चलाया गया।

यहां उल्लेखनीय है कि करीब 4 वर्ष पूर्व भी नागरिकों की शिकायतों पर नगर से सुअरों को हटाने का कार्य किया गया था, जिससे शहर को काफी राहत मिली थी। लेकिन पिछले दो महीनों से विभिन्न वार्डों और मोहल्लों के नागरिकों द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही थीं कि सुअर दोबारा शहर में आ गए हैं और गलियों, सड़कों तथा सार्वजनिक स्थानों पर घूमते नजर आ रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि सुअरों के कारण गंदगी फैल रही है, नालियां जाम हो रही हैं और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। कई स्थानों पर सुअरों के झुंड के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक वर्मा और स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मीणा द्वारा सुअर पालकों को बार-बार समझाइश दी गई। उन्हें नोटिस जारी कर हिदायत दी गई कि सुअरों को बाड़े में बंद करके रखें और खुले में न छोड़ें। इसके बावजूद पालकों द्वारा आदेशों का पालन नहीं किया गया। आखिरकार नगर पालिका ने सख्त रुख अपनाते हुए गुरुवार से सुअर पकड़ने की मुहिम चालू कर दी है। नगरपालिका की टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घूम-घूमकर सूअरों को पकड़ा गया और पहले दिन 35 सुअरों को पकडकर बाहर भेजा गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि नगर में सुअर दिखाई दिए तो कार्रवाई चलती रहेगी। वहीं दूसरी ओर नगर में बढ़ती आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर भी नगर पालिका गंभीर है। नपा द्वारा गुरुवार को जहां 35 सुअर पकड़े गए, वहीं रात्रि के समय नगर में विचरण करते आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया गया। नगरपालिका ने कुत्ता पालने वालों से अपील की है कि वह अपने पालतू कुत्तों के गले में पट्टा बांधकर रखें और उन्हें खुले में न छोड़ें, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। नगर पालिका की इस कार्रवाई से नागरिकों को राहत मिल गई है। लोगों ने उम्मीद जताई है कि इस बार स्थाई समाधान निकाला जाएगा ताकि शहर स्वच्छ और सुरक्षित बना रहे।

कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शासकीय कार्यों में लापरवाही एवं कदाचरण संबंधी शिकायतों पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के आयुक्त सह संचालक ने कार्रवाई करते हुए बासौदा की कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुरभि जैन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। गौरतलब हो कि सुरभि जैन के विरुद्ध स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अन्य माध्यमों से शासकीय कार्यों के निर्वहन में लापरवाही एवं कदाचरण संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई थीं। प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के क्रियान्वयन में लापरवाही, कार्यालय में नियमित रूप से विलंब से उपस्थित होने, निर्धारित मुख्यालय पर निवास नहीं करने, उचित मूल्य दुकानों से संबंधित कार्यवाहियों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण नहीं करने तथा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समयावधि में निराकरण नहीं करने संबंधी आरोप शामिल हैं। इसके साथ ही शासकीय कार्यों के निष्पादन में शासकीय सेवक से अपेक्षित आचरण के प्रतिकूल व्यवहार किए जाने संबंधी आरोप भी शिकायतों में शामिल हैं। प्राप्त शिकायतों की प्रकृति एवं उपलब्ध तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए उक्त कृत्य प्रथम दृष्टया मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम के नियम 3 के उपनियम (दो) के विपरीत पाया गया। शिकायतों एवं उपलब्ध तथ्यों के आधार पर सुरभि जैन के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई किया जाना अपेक्षित पाए जाने पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण के आयुक्त सह संचालक द्वारा निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में सुरभि जैन का मुख्यालय कार्यालय खाद्य, संचालनालय भोपाल निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

ब्राह्मण समाज का मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह 27 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

ब्राह्मण समाज द्वारा रविवार 27 सितंबर को नगर के मानस भवन में दोपहर 12 बजे से मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व शिक्षा मंत्री मुकेश नायक, विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष एवं अटेर विधायक हेमंत कटारे मौजूद रहेंगे। जबकि विशेष अतिथियों में प्रदेश कांग्रेस के मोटिवेशनल स्पीकर संजय कामले, भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष सहकारी बैंक श्याम सुंदर शर्मा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश कटारे, वरिष्ठ समाजसेवी एवं धर्मश्री संस्था अध्यक्ष मनोज कटारे, किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष यशवंत दुबे उपस्थित रहेंगे। ब्राह्मण समाज अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि समारोह में मुख्य रूप से नगर की चर्चित प्रतिभा बाल कलाकार सात्विक शर्मा का भी स्वागत एवं सम्मान किया जाएगा। ज्ञात हो कि सात्विक ने प्रसिद्ध फिल्म हनुमान अंश में बाल कलाकार के रूप में उल्लेखनीय कार्य किया है। समाज अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि इस समारोह में समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान करने के साथ ही पढाई के अतिरिक्त अन्य विधाओं में भी उल्लेखनीय एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नगर का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। जिसके लिए स्कूलों एवं विप्र समाज के लोगों से संपर्क कर ऐसी प्रतिभाओं को चिन्हित किया जा रहा है। जिससे समारोह में उन्हें सम्मानित किया जा सके। समाज अध्यक्ष एवं आयोजन समिति ने सभी विप्रजनों से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

गणेशोत्सव के पूर्व रात्रि में निकाला फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



नगर में गणेश उत्सव से पहले बुधवार को रात्रि के समय पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। रात्रि 7 बजे शहर थाना परिसर से शुरू हुए मार्च में शहर और देहात थाने के पुलिस अधिकारी और जवान शामिल हुए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी भी मार्च में मौजूद रहीं। पुलिस ने त्योहार के दौरान पंडालों और विसर्जन घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की तैयारी की है। फ्लैग मार्च शहर थाने से शुरू होकर सिटी मार्ग, हनुमान चौक, सावरकर चौक और जवाहर चौक होते हुए देहात थाना परिसर पहुंचा। इसमें पुलिस अधिकारियों के वाहन भी शामिल रहे। फ्लैग मार्च से पहले एएसपी मोनिका तिवारी ने शहर थाना परिसर में पुलिस अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने त्यौहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने के निर्देश दिए। उन्होंने गणेश झांकी पंडालों के आसपास नियमित गश्त करने और विसर्जन के दौरान पुलों व घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने को कहा। शहर थाना निरीक्षक संजय वेदिया ने बताया कि त्यौहार को देखते हुए नियमित गश्त की जा रही है और झांकी पंडालों के लिए सुरक्षा व्यवस्था की गई है। देहात थाना प्रभारी जयकुमार सिंह ने बताया कि बेतवा घाटों पर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर ली गई है।

गणेशोत्सव पर अनेक स्थानों पर हुआ भजन संध्या का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

इन दिनों इलाके भर में गणेशोत्सव की धूम है। नगर सहित ग्रामीण अंचलों में अनेक स्थानों पर गणेश जी की सुंदर झांकियां लगाई गई हैं। इस दौरान झांकी स्थलों पर भजन संध्या का आयोजन सहित अन्य धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। पूर्वी रेलवे कॉलोनी में विशाल भजन संध्या का आयोजन गणेश उत्सव समिति द्वारा किया गया। जिसमें भजन गायक पंडित राजेश नायक, सुप्रसिद्ध भजन गायिका पूजा दांगी गुलाबगंज, भजन गायिका नीतू चौबे गंज बासौदा, पंडित विनय तिवारी वृंदावन, सनिकेत वर्मा, कान्हा भैया के भजनों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने समा बांध दिया। यह आयोजन बुधवार को रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होकर देर रात्रि 2 बजे तक चलता रहा। इस दौरान पूजा दांगी, नीतू चौबे, विनय तिवारी के भजनों ने सभी भक्तों को झूमने और थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष लखन यादव, अभिषेक भैया, विजय ठाकुर, विकास कुशवाह, राज यादव, शिवांक कुशवाह सहित अनेक भक्तगण मौजूद रहे। वहीं गत दिवस गणेश महोत्सव के उपलक्ष्य में ग्राम जोगी किरोंदा में विशाल भजन संध्या का आयोजन श्री गणेश उत्सव समिति जोगी किरोंदा द्वारा किया गया। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक संजय शर्मा, सुप्रसिद्ध भजन गायिका पूजा दांगी, भजन गायिका नीतू चौबे, सौरभ शर्मा, प्रदीप महाराज द्वारा भजनों की रंगारंग कार्यक्रम से समा बांध दिया था। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, ट्राफी भेंट की

भाषण प्रतियोगिता व चित्रकला प्रदर्शनी लगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन शासकीय सांदीपनि विद्यालय राजेंद्र नगर में किया गया। जिसमें विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने सहभागिता की। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय त्योंदा की छात्रा दुर्गा अहिरवार ने मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता में बासौदा विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं चित्रकला प्रदर्शनी में 2047 के भारत की परिकल्पना को त्योंदा संकुल के शासकीय उमावि सुमेर दांगी की छात्रा राधिका कुशवाह ने कागज पर चित्रांकित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। चयनित विद्यार्थी जिला स्तरीय कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे।

संकुल केंद्र त्योंदा प्राचार्य अभय कुमार शर्मा के निर्देशन व प्रभारी शिक्षक संस्कृति चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में दोनों प्रथम स्थान प्राप्त छात्राओं को विधायक हरिसिंह रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लखन सिंह रघुवंशी, ब्लाक शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार, बीआरसी ब्रजेंद्र रघुवंशी, प्राचार्य महेंद्र सिंह रघुवंशी ने प्रमाण पत्र तथा ट्रॉफी प्रदान की।

गयाजी में मिलेगी पिंडदान की विशेष सुविधा

गंजबासौदा। पितृपक्ष में गया जी जाने वाले नगर के नागरिकों के लिए विशेष सुविधा की व्यवस्था की जा रही है। समाजसेवी घासी राम सेन ने बताया कि नगर से पितृपक्ष में पिंडदान के लिए जाने वाले यात्रियों के लिए रहने, ठहरने सहित पिंडदान की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए गया जी में चांद चौक के निकट पंडाल लगाया जा रहा है। पंडाल में यात्रियों के ठहरने, खाने पीने की समुचित व्यवस्था रहेगी। ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। समाजसेवी घासीराम सेन ने बताया कि यह व्यवस्था 26 सितंबर से 10 अक्टूबर तक रहेगी। इस दौरान गंजबासौदा सहित आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पिंडदान के लिए गया जी जाते हैं। उनके लिए यह सुविधा काफी राहत भरी रहेगी।

राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना NSS का 58वां स्थापना दिवस उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप चौरसिया, अनिल दुबे रहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व एनएसएस स्वयंसेवक विकास मालवीय, अरविंद अहिरवार मौजूद थे। अतिथियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, सामाजिक सेवा तथा राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूर्व एनएसएस स्वयंसेवकों ने माँ तुझे प्रणाम योजना के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी तथा योजना से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, साहस एवं देश के प्रति सेवा और समर्पण की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना में उत्कृष्ट कार्य एवं सक्रिय सहभागिता के लिए प्रशांत साहू, दिशा बुंदेला, शिवा मीना, हर्षिता प्रजापति एवं पलक कुशवाहा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में सहभागी सभी एनएसएस स्वयंसेवकों को भी पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस का लक्ष्य गीत निकिता, मोहिनी ,पूनम द्वारा प्रस्तुत किया गया। वहीं प्रशांत साहू, रिया दांगी एवं जानकी विश्वकर्मा, रौनक राय ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन स्वयंसेविका राधिका राजपूत ने किया।

उधर नवांकुर विद्यापीठ के डॉल्फिन कैंपस में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्थापना दिवस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कुलदीप राजपूत ने राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रस्तावना व कार्य योजना के बारे में बताया। छात्रा मनन सुमन, चंदा ने हम होंगे कामयाब गीत का गायन किया। स्वयंसेवक लक्ष्य शर्मा ने मधुर बांसुरी वादन से सभी का मन मोह लिया। जिज्ञासु शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में सूक्ष्म जानकारियां दी। सहायक कार्यक्रम अधिकारी विनय सोनी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व के बारे में बताया। संचालक शैलेंद्र कुमार दीक्षित ने राष्ट्रीय सेवा योजना के संगठन, सेवा कार्यों, समरसता व सेवाधर्मिता आदि विषयों पर विस्तार से समझाया। प्राचार्य संदीप रावत ने राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरुआत के बारे में बताया। डॉल्फिन प्राचार्य संदीप जेटली ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। आशिक लोधी, विधि माथुर ने संचालन किया। मेघा शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

आंगनबाड़ी केन्द्र पर मनाया पोषण माह



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पोषण माह के अंतर्गत गुरुवार को ग्राम जीवाजीपुर में पोषण माह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य स्वराज परियोजना से वीर सिंह लोधी ने कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं ग्रामीणों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, बच्चों के पोषण, गर्भवती एवं धात्री माताओं के स्वास्थ्य तथा स्वच्छता के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों के समुचित विकास के लिए पोषणयुक्त भोजन एवं नियमित स्वास्थ्य देखभाल के महत्व पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में एएनएम, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

खुली कार में निकला जुलूस: सात्विक शर्मा बोले- आज बहुत खुश हूं

'हनुमान अंश' के बाल कलाकार सात्विक का सिरोंज में भव्य स्वागत

फूलों की वर्षा कर नागरिकों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज





फिल्म जगत में महज 8 वर्ष की उम्र में अपनी पहचान बनाने वाले सिरोंज क्षेत्र के ग्राम भौरिया निवासी बाल कलाकार मास्टर सात्विक शर्मा का पहली बार सिरोंज आगमन हुआ। फिल्म 'हनुमान अंश' में अहम किरदार निभाने वाले सात्विक के नगर आगमन को लेकर लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया। जैसे ही सात्विक सिरोंज पहुंचे, उनके स्वागत के लिए बड़ी संख्या में नागरिक, जन प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और शुभ चिंतक मौजूद रहे। नगर में जगह-जगह फूलमालाओं से उनका स्वागत किया गया।

सात्विक शर्मा के सिरोंज आगमन पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अवध शर्मा के निवास पर भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यहां लोगों ने बाल कलाकार को फूलमाला पहनाकर शुभकामनाएं दीं। इसके बाद ग्राम भौरिया में जनपद सदस्य अतीक मंसूरी द्वारा सात्विक शर्मा का फूलमाला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। अपने गांव और क्षेत्र के लोगों के बीच पहुंचकर सात्विक भी काफी उत्साहित नजर आए। नगर के छत्री नाका चौराहा से सात्विक शर्मा को खुली कार में जुलूस के रूप में निकाला गया। जुलूस के दौरान सड़क के दोनों ओर लोगों की भीड़ नजर आई। नागरिकों ने अपने क्षेत्र के इस नन्हे कलाकार का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया।

छोटे से बाल कलाकार ने बड़े पर्दे पर बनाई पहचान

महज 8 वर्ष की उम्र में सात्विक शर्मा ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा है। उनके अभिनय की खासियत उनका सहज बाल रूप, मासूमियत और संवादों को स्वाभाविक तरीके से प्रस्तुत करना बताया जा रहा है। फिल्म 'हनुमान अंश' में अहम किरदार को निभाना सात्विक के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर रहा है। सिरोंज क्षेत्र के लिए भी यह गर्व की बात है कि ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर एक नन्हे कलाकार ने फिल्म जगत में अपनी पहचान बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। हरिभूमि से चर्चा के दौरान सात्विक शर्मा ने फिल्म 'हनुमान अंश' में अपने किरदार और अभिनय अनुभव को लेकर भी बातचीत की। सात्विक ने बताया कि फिल्म में उन्हें किरदार को निभाने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि किसी बड़े व्यक्तित्व के बचपन के रूप को पर्दे पर निभाना उनके लिए खास अनुभव रहा। अभिनय के दौरान उन्हें अपने किरदार को समझने और उसके अनुरूप भाव-भंगिमाएं प्रस्तुत करने पर ध्यान देना पड़ा। सात्विक ने बताया कि फिल्म में काम करने का अनुभव उनके लिए नया और यादगार रहा। इतनी कम उम्र में कैमरे के सामने अभिनय करना उनके लिए उत्साह से भरा अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्हें कई नई चीजें सीखने को मिलीं।

अपनों के बीच पहुंचकर बोले- आज काफी खुश हूं

सिरोंज में जगह-जगह हुए स्वागत से सात्विक शर्मा के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दे रही थी। हालांकि लगातार स्वागत कार्यक्रमों और जुलूस के कारण उनके चेहरे पर थकान भी नजर आई। इसके बावजूद लोगों से मिलने और उनका अभिवादन स्वीकार करने में सात्विक उत्साह के साथ नजर आए। हरिभूमि चर्चा में सात्विक ने कहा, "मैं अपने लोगों के बीच आकर आज काफी खुश हूं। यहां जिस तरह से सभी लोगों ने मेरा स्वागत किया, उससे मुझे बहुत अच्छा लगा। मुझे उम्मीद नहीं थी कि सिरोंज में लोग मुझे इतना प्यार और सम्मान देंगे।" उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र के लोगों का आशीर्वाद और प्यार उनके लिए बहुत मायने रखता है।

जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने किया सम्मान

सात्विक शर्मा के स्वागत के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अवध शर्मा,अधिमान्य पत्रकार राजीव जैन सैनानी,वरिष्ठ पार्षद राम दयाल विश्वकर्मा, कमल सिंह यादव, अर्जुन राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, अशोक यादव, सैफू गौरी, सुरेश यादव, भरतदीप मेहता, ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष गोपाल प्रसाद शर्मा, राम बाबू शर्मा सहित बड़ी संख्या में नागरिक एवं शुभचिंतक मौजूद रहे। सभी ने सात्विक को फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों ने कहा कि इतनी कम उम्र में सात्विक ने जिस तरह अभिनय के क्षेत्र में कदम रखा है, वह क्षेत्र के अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणादायक है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर फिल्म जगत तक पहुंचना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। सिरोंज में सात्विक के स्वागत के दौरान बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में उत्साह दिखाई दिया। लोगों ने उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं और उन्हें आगे भी इसी तरह सफलता हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दीं। सात्विक के परिवारजनों और परिचितों के लिए भी यह अवसर विशेष रहा।

सात्विक ने सुनाया 'जगन्नाथ जी का नैन भजन

सात्विक शर्मा के सम्मान समारोह के दौरान एक भावुक और मनमोहक क्षण भी देखने को मिला। जब सात्विक ने उपस्थित नागरिकों के आग्रह पर 'जगन्नाथ जी का नैन' भजन सुनाना शुरू किया तो कार्यक्रम में मौजूद हर व्यक्ति उसकी ओर देखता ही रह गया। महज 8 वर्ष की उम्र में सात्विक ने जिस आत्मविश्वास और भावपूर्ण अंदाज में भजन प्रस्तुत किया, उससे उपस्थित लोग काफी प्रभावित हुए। सात्विक की मासूम आवाज और भजन की प्रस्तुति ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। कुछ देर के लिए स्वागत और सम्मान का माहौल भी शांत होकर सात्विक की प्रस्तुति पर केंद्रित हो गया। मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर उसका उत्साहवर्धन किया। भजन पूरा होने के बाद उपस्थित नागरिकों ने सात्विक की प्रतिभा की सराहना करते हुए उसे आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं। फिल्मों में अभिनय के साथ-साथ सात्विक की भजन प्रस्तुति ने यह भी दिखाया कि इतनी कम उम्र में उसमें अभिनय के साथ मंच पर प्रस्तुति देने का भी आत्मविश्वास है।

ढोल-नगाड़ों और डीजे के साथ निकाला जुलूस, ग्रामीणों ने किया सम्मान

फिल्म हनुमान अंश में शुभंकर का किरदार निभाने वाले 8 वर्षीय बाल कलाकार सात्विक शर्मा के अपने पैतृक ग्राम भौरिया पहुंचने पर ग्रामीणों ने उत्साह और उमंग के साथ उनका भव्य स्वागत किया। सात्विक के गांव पहुंचते ही ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों और डीजे के साथ जुलूस निकाला तथा जगह-जगह उनका स्वागत करते हुए उनकी उपलब्धि पर खुशी जताई। स्वागत कार्यक्रम के दौरान जनपद सदस्य अतीक मंसूरी ने बाल कलाकार सात्विक शर्मा का स्वागत करते हुए कहा कि उनके पिता अभिषेक शर्मा उनके सहपाठी रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभिषेक शर्मा ने स्वयं गांव के शासकीय विद्यालय से शिक्षा प्राप्त की और अपने बेटे सात्विक को भी शिक्षा के साथ उसकी अभिनय प्रतिभा को निखारने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया। वेब सीरीज और छोटे-छोटे अभिनय कार्यक्रमों के माध्यम से सात्विक ने अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ाया और आज वह फिल्म हनुमान अंश में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अतीक मंसूरी ने कहा कि सात्विक की यह उपलब्धि केवल उसके परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे ग्राम भौरिया के लिए गर्व का विषय है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने दिए निर्देश

सुपरवाइजर प्रतिदिन कम से कम 3-3 आंगनबाड़ी केंद्रों का करें निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सिरोंज स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय गतिविधियों, आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं तथा सुपरवाइजरों द्वारा किए जा रहे मैदानी कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री गुप्ता ने विभागीय कार्यों में और अधिक कसावट लाने तथा महिलाओं एवं बच्चों के लिए संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षात्मक बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देशित किया कि सभी सुपरवाइजर अब प्रतिदिन अपने कार्यक्षेत्र में कम से कम 3-3 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों की उपस्थिति, पोषण व्यवस्था, बच्चों की स्वास्थ्य एवं वृद्धि संबंधी स्थिति तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का परीक्षण कर नियमित रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों में दर्ज प्रत्येक बच्चे का वजन लिया जाना सुनिश्चित किया जाए। यदि कोई बच्चा आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित नहीं मिलता है तो संबंधित सुपरवाइजर एवं कार्यकर्ता उसके घर जाकर आवश्यक जानकारी संकलित करें तथा बच्चे की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त करें।

सेम एवं मेम श्रेणी के बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने के निर्देश

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने निर्देश दिए कि कुपोषण श्रेणी में चिन्हित प्रत्येक बच्चे की स्वास्थ्य स्थिति पर विशेष निगरानी रखी जाए और आवश्यकतानुसार उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र मंग भर्ती कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी कुपोषित बच्चे को उपचार एवं विशेष पोषण की सुविधा से वंचित नहीं रहने दिया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि यदि किसी बच्चे के अभिभावक द्वारा एनआरसी में भर्ती कराने में आनाकानी की जाती है तो इसकी जानकारी संबंधित पटवारी एवं ग्राम पंचायत सचिव को दी जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर समन्वय कर बच्चे को आवश्यक उपचार एवं पोषण सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। कलेक्टर ने सुपरवाइजरों से संवाद करते हुए स्पष्ट कहा कि किसी भी कमजोर स्थिति अथवा कुपोषण के मामले को छुपाया न जाए। विशेष रूप से यदि कोई बच्चा निर्धारित स्वास्थ्य एवं पोषण पैरामीटर के अनुरूप नहीं पाया जाता है तो उसकी जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाए।

पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के निर्देश

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

जनपद पंचायत कार्यालय सिरोंज का कलेक्टर ने किया निरीक्षणः कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज सिरोंज पहुंचकर जनपद पंचायत भवन के कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने जनपद पंचायत कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों से संवाद कर विभागीय कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली तथा कार्यालयीन व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने जनपद पंचायत में रखी फाइलों के गट्ठों को व्यवस्थित कर उनकी सूची चस्पा करने तथा रिकॉर्ड रूम में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने रिकॉर्ड संधारण पंजी को व्यवस्थित रखने तथा कार्यालय स्टाफ का नाम, कार्य एवं मोबाइल नंबर सहित विवरण संबंधित कक्ष के बाहर अंकित करने के निर्देश दिए।

उपयंत्रियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यों की समीक्षा

इसके उपरांत कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने जनपद पंचायत कार्यालय भवन में उपयंत्रियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनपद क्षेत्र में किए जाने वाले निर्माण कार्यों के लिए स्थान का चिन्हांकन ग्राम सभा के माध्यम से किए जाने के बाद ही कार्य सुनिश्चित किया जाए। सभी उपयंत्री इस व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने जनपद क्षेत्र में निर्मित सामुदायिक भवनों की स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सभी सामुदायिक भवनों का उपयोग सुनिश्चित किया जाए। यदि कोई सामुदायिक भवन पुराना अथवा जर्जर अवस्था में है तो उसकी आवश्यकतानुसार मरम्मत कराई जाए, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे।

कलेक्टर ने सिरोंज तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज सिरोंज तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर विभिन्न कार्यालयों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय पहुंचकर सर्वप्रथम उप पंजीयक कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय की व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि विभाग से संबंधित शासन की गाइडलाइन की सूची कार्यालय के बाहर प्रमुखता से प्रदर्शित की जाए, ताकि नागरिकों को आवश्यक जानकारी सहज रूप से उपलब्ध हो सके।

कैथन डैम स्थित विसर्जन कुंड की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज सिरोंज क्षेत्र के भ्रमण के दौरान अनंत चतुर्दशी पर्व पर श्री गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को ध्यानगत रखते हुए कैथन डैम पर बनाए गए विसर्जन कुंड की व्यवस्थाओं का मौके पर पहुंचकर जायजा लिया।

80 छात्रों ने प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

राष्ट्र सेविका समिति के अनसुईया आयाम ने 13 शिक्षकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

राष्ट्र सेविका समिति के अनसुईया आयाम द्वारा गुरुवार को परिणय गार्डन में पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता और शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहर के 8 प्रमुख विद्यालयों के 80 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें 30 विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मगधम स्कूल की डायरेक्टर शीला पलोड़ थीं। अध्यक्षता अनसुईया आयाम की अध्यक्ष रेणु माहेश्वरी ने की। राष्ट्र सेविका समिति विदिशा विभाग की कार्यवाहिका रश्मि ताम्रकार विशेष रूप से मौजूद रहीं। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन शशि सिलाकारी, अंजली पंडित, दिव्या जैन एवं सोनिया गोयल ने किया।

प्रतियोगिताएं कक्षा 7 से 9 और कक्षा 10 से 12 के दो वर्गों में हुईं। चित्रकला में कक्षा 7 से 9 वर्ग में पलक गुप्ता प्रथम, कुसुम शाक्य द्वितीय और नंदिनी राजपूत तृतीय रहीं। कक्षा 10 से 12 वर्ग में शरद कुशवाहा प्रथम, नमामि लोधी द्वितीय और प्रिया ठाकुर तृतीय रहीं। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 7 से 9 वर्ग में वेदिका शर्मा प्रथम, शिखा कुशवाहा द्वितीय और खुशी विश्वकर्मा तृतीय रहीं। कक्षा 10 से 12 वर्ग में अनुष्का तिवारी प्रथम, नेहा विश्वकर्मा द्वितीय और रानी अहिरवार तृतीय रहीं। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले 6 विद्यालयों के 13 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इनमें सरस्वती विद्यालय तलैया, किले अंदर सरस्वती विद्यालय, लिबर्टी स्कॉलर स्कूल, श्री अग्रसेन हाई स्कूल, सांदीपनि विद्यालय बरूईपुर और बी टीच स्कूल के शिक्षक शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन हेमलता परिहार ने किया। अतिथियों का स्वागत शशि अग्रवाल ने किया। अंत में रेणु माहेश्वरी ने अतिथियों, निर्णायकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

कांग्रेसियों ने जरूरतमंदों को कराया भोजन, किया पौधरोपण: विदिशा। मप्र विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सिंह 'राहुल भैया' के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री पंकज जैन ने सेवा, पर्यावरण संरक्षण और जीव दया से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए। मानव सेवा न्यास में नि:शक्तजनों और वृद्धजनों को भोजन कराया गया। इसके बाद पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। दयोदय गोशाला, उदयगिरि में गौग्रास खिलाकर गौसेवा भी की गई। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों की सेवा, प्रकृति संरक्षण और जीव दया का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, पूर्व जनपद अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर, लक्ष्मण सिंह रघुवंशी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू, जिनेश जैन टिंग्गी, अजय दांतरे, सुशील शर्मा, अवधेश दुबे, लक्ष्मीनारायण बघेल, गोविंद चौबे, प्रसंग जैन, सुनील शर्मा आदि मौजूद रहे।

मेरे सपनों का भारत थीम पर बच्चों ने पेश किए विचार, 136 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई



सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को शासकीय पं.डी.सी. शर्मा उत्कृष्ट विद्यालय में विकासखंड स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेरे सपनों का भारत थीम पर हुई प्रतियोगिता में 22 विद्यालयों के 136 छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता शिक्षित और आत्मनिर्भर सशक्त भारत, रोजगार और समृद्धि, महिला सशक्तिकरण तथा सत्य और न्याय का संदेश विषयों पर आधारित थी। विद्यार्थियों ने भाषण और चित्रों के माध्यम से विकसित भारत 2047 के सपने को साकार किया।

कनिष्ठ वर्ग में आराध्या और अंशिका अव्वल

कनिष्ठ वर्ग भाषण प्रतियोगिता में डीपीएस की आराध्या यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शासकीय माध्य. शाला गांधी वार्ड के अमन अहिरवार द्वितीय और सांदीपनि गढ़ौला की प्रियंका चढ़ार तृतीय रहीं। वहीं चित्रकला में जेएनवी की अंशिका उइके प्रथम, तक्षशिला कॉन्वेंट की वेदिका यादव द्वितीय और वंश सैनी तृतीय रहे।

वरिष्ठ वर्ग में रागिनी और कशिक ने मारी बाजी

वरिष्ठ वर्ग भाषण में शासकीय उमावि धनौरा की रागिनी कांथी प्रथम, पीएम श्री ललिता शास्त्री की शिफा खान द्वितीय और देविका मिश्रा तृतीय रहीं। चित्रकला में पीएम श्री ललिता शास्त्री के कशिक चढ़ार प्रथम, सांदीपनि की कविता प्रजापति द्वितीय और डीपीएस की अदिति वर्मा तृतीय रहीं।

नोडल अधिकारी डॉ. विनोद राय ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, अभिव्यक्ति की क्षमता और आत्मविश्वास विकसित कर उन्हें राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है। इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष इंद्र कुमार राय, बीईओ आरएस शर्मा, बीआरसी राजेंद्र सेंगर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

आयुर्वेद दिवस पर 2583 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, 239 पौधे भी रोपे

विदिशा। 11वें अंतर्राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर जिलेभर की आयुष संस्थाओं में विभिन्न जागरूकता और स्वास्थ्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रमों की शुरुआत भगवान धन्वंतरि के पूजन-अर्चन से हुई। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद' रखी गई थी।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार अहिरवार ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर लगाए गए। इनमें कुल 2583 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों और आयुष विशेषज्ञों ने जांच के बाद मरीजों को आवश्यक उपचार व परामर्श दिया। जरूरत के अनुसार निःशुल्क आयुष औषधियों का वितरण भी किया गया। शिविरों में नागरिकों को संतुलित और पौष्टिक आहार, नियमित दिनचर्या, स्वस्थ जीवनशैली तथा रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। लोगों को दैनिक जीवन में स्वास्थ्यवर्धक आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। आयुर्वेद दिवस के आयोजनों में पर्यावरण संरक्षण को भी जोड़ा गया। जिले की विभिन्न आयुष संस्थाओं में पौधरोपण किया गया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत श्रमदान किया

गुलाबगंज। शासकीय महाविद्यालय गुलाबगंज में सेवा संकल्प अभियान के तहत श्रमदान एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. देवराज सिंह एवं डॉ. पुष्पेंद्र सिंह तथा सहायक प्राध्यापक बलिराम के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वच्छता एवं सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया।

अध्यापक संघ महिला मोर्चा अध्यक्ष बनी कल्पना

हैदरगढ़। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की महिला मोर्चा अध्यक्ष पद पर पीएम श्री माध्यमिक शाला हैदरगढ़ की प्रधान अध्यापक कल्पना भावसार को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संघ के प्रांतीय अध्यक्ष भरत पटेल एवं भोपाल संभाग अध्यक्ष दर्शन ओढ़ के अनुमोदन तथा विदिशा जिला अध्यक्ष सुनील रघुवंशी, संभाग उपाध्यक्ष विमल यादव और जिला संयोजक कमलेश विश्वकर्मा की अनुशंसा पर की गई।



जाहिर सूचना

सर्वे साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने आप विक्रेता श्री रामविलास पटेल पुत्र स्व. श्री जगन्नाथ प्रसाद पटेल निवासी ग्राम कानाखेड़ा कलां, सांची, जिला रायसेन (म.प्र.) के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि स्थित ग्राम कानाखेड़ा कलां (सांची) प.ह.नं. 25, वार्ड क्रमांक 01, सरदार पटेल, राजस्व निरीक्षण मंडल सांची विकास खण्ड सांची तहसील व जिला रायसेन (म.प्र.) स्थित भूमि सर्वे क्र. 236/1 रकवा 2.032 हेक्टेयर में से रकवा 1.414 हेक्टेयर यानि 3.5 एकड़ भूमि को विक्रय किये जाने का अनुबंध कर लिया है, और अनुबंध अनुसार ब्याना राशि अदा कर दी है। अनुबंधित भूमि की चतुरसीमायें इस प्रकार है पूर्व में स्वर्णलता, मनीष, आदि की भूमि, पश्चिम में अनुबंधकर्ता की शेष भूमि, उत्तर में रविन्द्र रघुवंशी व विशाल रघुवंशी का भूखंड, दक्षिण में राजेश पटेल की भूमि है। उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी संस्था को कोई आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कहीं दान, बंधक, गिरवी, हस्तांतरण अनुबंधित इत्यादि हो या उसमें किसी व्यक्ति का हित हो वह व्यक्ति अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा मेरा पक्षकार उक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र पंजीयन कराने के लिए स्वतंत्र होगा। समय सीमा के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
इति दिनांक 24.09.2026

भवदीय **विजय हरकिला** एडवोकेट
कार्यालय एस.आर.टी. लीगल सर्विसेस प्रा.लि., प्लेटफार्म नं. 04, रेलवे स्टेशन के पास, अर्श पेलेस के पीछे, प्रस्टीज कॉलेज, विदिशा (म.प्र.) मोबा. 9893957748

साहित्य की बात का वार्षिक कार्यक्रम आयोजित किया गया

36 रचनाकारों ने किया रचना पाठ, तीन साहित्यिक व कला सम्मानों से विभूषित हुए प्रतिभावान व्यक्तित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



साहित्यकारों के साझा मंच 'साहित्य की बात' (साकीबा) का वार्षिक कार्यक्रम होटल तारा श्री के सभागार में हुआ। प्रदेशों से आए लगभग 30 साहित्यकारों ने सहभागिता की। सात सत्रों में 36 कवियों एवं लेखकों ने कविता, कहानी, गीत, ग़ज़ल एवं अन्य विधाओं में रचना पाठ किया।

कार्यक्रम में राजेंद्र श्रीवास्तव के गीत-संग्रह नदिया ठिठक गई, डॉ. पद्मा शर्मा की पुस्तक व्यक्तित्व और कृतित्व, मिथिलेश राय एवं गोपी नवीन शुक्ल के कविता-संग्रहों सहित अन्य पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। समारोह में घनश्याम मुरारी पुष्प सम्मान कवि निरंजन श्रोत्रिय, द्वारका प्रसाद सक्सेना कला सम्मान चित्रकार कालूराम राव तथा लज्जाराम शर्मा वाक्ऋषि सम्मान युवा कथाकार कुणाल सिंह को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में गोपी नवीन शुक्ल, मिथिलेश राय, प्रीति राजे, डॉ. कमला नरवरिया, अंजना मनोज गर्ग, अनुराग भरत, अनुकृति श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, अभिषेक, सुदिन श्रीवास्तव, मुकेश शर्मा वशिष्ठ, मदन जरिया, प्रमोद चौहान, प्रज्ञा रावत, अस्मुरारी नंदन मिश्र, प्रो. वनिता वाजपेयी, हर गोविंद पुरी, आनंद सौरभ उपाध्याय, रश्मि वैभव गर्ग, अभिषेक राजपूत, अर्चना नायडू एवं डॉ. लोकेश तिवारी सहित अनेक रचनाकारों ने सहभागिता की। विभिन्न सत्रों का संचालन सुदिन श्रीवास्तव, डॉ. मौसमी परिहार, डॉ. वनिता वाजपेयी, अस्मुरारी नंदन मिश्र, ब्रज श्रीवास्तव एवं अनुकृति ने किया। सम्मान समारोह में निरंजन श्रोत्रिय ने कहा कि साकीबा जैसे अनुशासित, सृजनरत एवं आत्मीय समूहों की आज के दौर में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि पुष्प सम्मान ग्रहण करते हुए उन्हें संतोष है कि यह सम्मान कवि को समर्पित है। कुणाल सिंह ने सम्मानित किए जाने पर गौरव व्यक्त किया, जबकि कालूराम राव ने इसे सुखद आश्चर्य बताया। इस अवसर पर कथाकार मुकेश वर्मा, कवि सुधीर सक्सेना, साकीबा के अध्यक्ष बृज श्रीवास्तव, संयोजक डॉ. पद्मा शर्मा, राकेश सक्सेना, सुनील जैन, कमोद सिंह, संतोष नामदेव, सुमन श्रीवास्तव, तृप्ति श्रीवास्तव, विवेक, अभिलाष श्रीवास्तव, गोविंद देवलिया एवं प्रवीण शर्मा सहित अनेक साहित्यकार एवं साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

गड्ढों में तब्दील खामखेड़ा-बाला बरखेड़ा सड़क, हादसे का खतरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ खामखेड़ा

खामखेड़ा से बाला बरखेड़ा होते हुए सम्राट अशोक सागर परियोजना हलाली डेम जाने वाली करीब 6 किमी सड़क इन दिनों बदहाल है।

प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनी इस सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इस मार्ग से दर्जनों गांवों के छात्र-छात्राएं खामखेड़ा अध्ययन के लिए आते-जाते हैं। इसके अलावा ग्रामीणों और आम लोगों का भी आवागमन इसी सड़क से होता है। सड़क की हालत खराब होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की मरम्मत को लेकर शासन और जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं है। समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो हादसे की आशंका बनी रहेगी।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं विनोद साहू पिता श्री स्व० प्यारेलाल साहू आयु-वयस्क निवासी अहमदपुर खामखेडा कस्बा तह० व जिला विदिशा मे शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि मेरे पुत्र के नाम से जीवन बीमा पॉलिसी क्र. 354576741 है जिसमे उसका नाम हर्षित साहू अंकित है। जो मेरे पुत्र का घर का नाम है । जब कि उसके दस्तावेज एवं आधार कार्ड सभी मे उसका नाम रोहित साहू नाम अंकित है और यही नाम बीमा पॉलिसी में अंकित करवाना चाहता हूँ मै इसे शपथ पूर्वक सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र मे दी गयी जानकारी सत्य व सही है

खबर संक्षेप



चलती पिकअप में लगी आग कूदकर बची चालक की जान

रायसेन/सिलवानी। सिलवानी-स्टेट हाईवे-44 पर एक बड़ा हादसा टल गया। ग्राम धनागवां के पास एक चार पहिया लोडिंग पिकअप वाहन में अचानक आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से भड़की आग में पिकअप धू-धू कर जल उठा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पिकअप सिलवानी से ग्राम जैथारी-नूरपुरा की ओर जा रहा था। तभी धनगवा के पास पहुंचते ही वाहन से धुआं निकलने लगा और कुछ ही देर में लपटें उठने लगीं। चालक ने तत्परता दिखाते हुए वाहन रोककर कूदकर अपनी जान बचा ली। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से पिकअप को काफी नुकसान हुआ है।बताया जा रहा है कि वाहन ग्राम जैथारी का है। फिलहाल आगजनी के इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

टैक्स बकायादारों की दुकानों में अब नगर पालिका लगाएगी ताला



रायसेन। नगर पालिका परिषद ने टैक्स बकायादारों के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है। शहर में टैक्स बकायादारों पर करीब 6 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया है, जो वसूल नहीं हो पा रहा है। सीएमओ सुरेखा जाटव ने बताया कि बार-बार नोटिस के बाद भी कई दुकानदार और बड़े बकायादार टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं। इसीलिए अब बड़े बकायादारों की दुकानों को सीलिंग तालाबंदी की कार्रवाई शुरू की जाएगी। नपा कर्मियों की टीम भेजकर कई दुकानों पर नोटिस चस्पा कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि नगर पालिका को हर माह स्टाफ के वेतन के लिए ही करीब 60 लाख रुपये की जरूरत होती है। टैक्स नहीं मिलने से विकास कार्य और वेतन व्यवस्था पर असर पड़ रहा है। इसलिए अब बकायादारों पर तालाबंदी की कार्रवाई की जाएगी।

आंगनबाड़ी केंद्रों में धूमधाम से मनाया जा रहा नव पोषण माह



गैरतगंज। 9 सितंबर से प्रारंभ पोषण माह में प्रथम दिवस सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर रैली निकालकर पोषण माह का संदेश दिया गया उसके उपरांत पोषण माह के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना गैरतगंज द्वारा मंगलवार को सेक्टर गढ़ी 1 के आंगनबाड़ी केन्द्र भानपुर गढ़ी में पोषण संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों और उनकी माताओं को पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता और शाला पूर्व शिक्षा से जुड़ी जानकारी दी। अभियान के तहत 0 से 3 वर्ष के बच्चों के घर जाकर संशोधित गृह भेंट मॉड्यूल के अनुसार पोषण एवं देखभाल संबंधी परामर्श दिया गया। 3 से 6 वर्ष के बच्चों की माता को निर्धारित मेनू के अनुसार गर्म भोजन में पालक, चुकंदर और सहजन की पत्तियों का उपयोग कर बच्चों को रंगीन रोटी के बारे में बताया गया मातृ सहयोगिनी समिति ने भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता का निरीक्षण किया। बाल चौपाल में बच्चों और अभिभावकों ने सहभागिता की।
परियोजना अधिकारी एवं सेक्टर पर्यवेक्षक सेक्टर गढ़ी 1 के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुए एनीमिया से बचाव के लिए पोषणयुक्त आहार लेने की सलाह दी। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक, दीपा सेन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सोनू आचार्य अनुराधा रजक सहायिका, बच्चे और अभिभावक मौजूद रहे।

सांदीपनि स्कूल बाड़ी में किताबों में लगी आग, रख-रखाव पर सवाल

इंग्लिश रीडर, रसायन विज्ञान व पर्यावरण अध्ययन की किताबें आग की चपेट में आईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/बाड़ी



सरकारी स्कूल के बच्चों को मुफ्त किताबें उपलब्ध कराने के लिए सरकार करोड़ों रुपए खर्च करती है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों की पढ़ाई किताबों की कमी से प्रभावित न हो। लेकिन बाड़ी के सीएम राइज सांदीपनी स्कूल से सामने आई एक तस्वीर ने सरकारी किताबों के रख-रखाव और निस्तारण की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्कूल परिसर में किताबें आग में जलती दिखाई दे रही हैं समीप ही उठते धुआं के गुबार लापरवाही उजागर कर रहे हैं।

आसपास कई किताबें अधजली हालत में पड़ी हैं। तस्वीर में इंग्लिश रीडर क्लास-2, रसायन विज्ञान, समकालीन भारत और पर्यावरण अध्ययन सहित अन्य किताबें दिखाई दे रही हैं। अब सवाल यह है कि ये किताबें स्कूल में किस स्टॉक से आईं, कितनी किताबें प्राप्त हुई थीं, कितनी वितरित की गईं और कितनी शेष बचीं? गरीब बच्चे किताब के लिए तरसते हैं, यहां किताबें जलती दिखीं। जिस किताब की जरूरत किसी जरूरतमंद विद्यार्थी को पूरे शिक्षा सत्र पढ़ाई के लिए होती है। वही किताब स्कूल परिसर में जलती नजर आई तो सवाल उठना स्वाभाविक है। यदि सरकारी स्कूल की किताबें अतिरिक्त थीं तो उन्हें जरूरतमंद विद्यार्थियों या किसी अन्य स्कूल की जरूरत के लिए उपयोग में क्यों नहीं लाया गया? यदि किताबें अनुपयोगी थीं तो उन्हें नष्ट करने की अधिकृत प्रक्रिया क्या थी? यह मामला इसलिए भी गंभीर है क्योंकि तस्वीर में किताबें सामान्य कागज की सामग्री नहीं। बल्कि शैक्षणिक पाठ्य सामग्री दिखाई दे रही है।

किताबें जलने की तस्वीर ने बढ़ाई चिंता

सांदीपनी स्कूल को आधुनिक शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था के मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। ऐसे स्कूल के परिसर में शैक्षणिक किताबें जलती हुई दिखाई देने की तस्वीर सामने आना व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। एक तरफ विद्यार्थियों को किताबों का महत्व और पर्यावरण संरक्षण पढ़ाया जाता है। वहीं दूसरी तरफ स्कूल परिसर में किताबें जलती धुआं उठता नजर आता रहा। जिम्मेदार जानकारी देने में पल्ला झाड़ते नजर आए।


इनका कहना है

शासकीय सांदीपनि स्कूल बाड़ी में किताबें जलाने का यह घोर लापरवाही को दर्शाता है। मैंने बाड़ी बीईओ को मामले की गहन जांच के आदेश दिए हैं। इस मामले में दोषियों को बिल्कुल बख्शा नहीं जाएगा।

निर्मला नंदन तिवारी, डीईओ रायसेन

अब स्टॉक रजिस्टर खोले जाने की जरूरत

मामले की वास्तविकता सामने लाने के लिए जिला शिक्षा विभाग को स्कूल के स्टॉक रजिस्टर और वितरण रिकॉर्ड की जांच करनी होगी। प्रथम दृष्टया जांच में यह स्पष्ट होना चाहिए कि संदीपनी हासे स्कूल को कितनी किताबें मिली थीं और उनमें से कितनी विद्यार्थियों को बांटी गईं। साथ ही यह भी देखा जाना चाहिए कि शेष किताबों को लेकर स्कूल के रिकॉर्ड में क्या दर्ज है। क्या उन्हें अतिरिक्त घोषित किया गया था? क्या वे अनुपयोगी हो चुकी थीं? क्या उनके निस्तारण के लिए सक्षम अधिकारी से अनुमति ली गई थी? इन सवालों के जवाब दस्तावेजों से सामने आने चाहिए।



एक-दूसरे पर कुल्हाड़ी से किया हमला

खेत में पाइप उठाने व दवाई छिड़कने को लेकर दो भाइयों में खूनी संघर्ष

दोनों गंभीर घायल, पीपुल्स भोपाल में चल रहा इलाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के ग्राम कालीटोर पिपरई में खेत में पाइप उठाने और दवाई का छिड़काव करने के दौरान परिवार के दो भाइयों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक-दूसरे पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घटना में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही दीवानगंज चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें उपचार के लिए भोपाल के पीपुल्स अस्पताल रेफर किया गया। दोनों का इलाज जारी है।

पुलिस के अनुसार कालीटोर पिपरई निवासी गेंदालाल अहिरवार पिता मुन्नालाल अहिरवार और विष्णु अहिरवार पिता बाबूलाल अहिरवार के बीच खेत में पाइप उठाने और दवाई छिड़कने के दौरान विवाद शुरू हुआ। खेत में आने-जाने की बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई और देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। दोनों भाइयों ने एक-दूसरे पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलने पर दीवानगंज चौकी से पुलिस दल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने दोनों घायलों को घायल अवस्था में पाया और तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को भोपाल के पीपुल्स अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है।एएसआई रामकिशोर उईके और प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि खेत में पाइप उठाने और दवाई छिड़कने के दौरान दोनों भाइयों के बीच विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर दोनों ने एक-दूसरे पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

दीवानगंज चौकी प्रभारी सुनील शर्मा ने बताया कि घटना में दोनों भाई घायल हुए हैं। दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस घटना के कारणों और विवाद से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

जिला पंचायत में अध्यक्ष के चेंबर का गिरा प्लास्टर

जर्जर भवन की स्थिति से कर्मचारियों में दहशत का माहौल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला पंचायत भवन की जर्जर हालत ने एक बार फिर जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गुरुवार सुबह जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा के चेंबर की छत का प्लास्टर अचानक भरभराकर नीचे गिर गया। छत का मलबा चेंबर में बिखर गया और वहां रखा फर्नीचर भी मलबे में दब गया। गनीमत यह रही कि घटना सुबह तड़के हुई, जब चेंबर खाली था। ऐसे में किसी कर्मचारी या अधिकारी के मौजूद नहीं होने से जनहानि टल गई।

घटना के बाद जिला पंचायत भवन में काम करने वाले कर्मचारियों में दहशत का माहौल है। कर्मचारियों का कहना है कि भवन की छत लंबे समय से जर्जर स्थिति में है। कई स्थानों पर छत और दीवारों में सीलन है। बारिश के दौरान पानी रिसने से प्लास्टर कमजोर हो चुका है और आए दिन छत से प्लास्टर के टुकड़े गिरने की स्थिति बनी रहती है।

इनका कहना है

यह मलबा गिरने की घटना बेहद चिंताजनक है। हमने ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को फिर से मरम्मत कराए जाने के लिए निर्देशित किया है।

- **कमल सोलंकी,** जिला सीईओ

परिजनों ने एसडीएम को आवेदन देकर की अधीक्षक पर कार्रवाई की मांग

छात्रावास से सुबह लापता हुई छात्रा, शाम 5 बजे पिता को दी गई सूचना

रायसेन/सिलवानी



जमुनिया बालिका छात्रावास में रहने वाली एक छात्रा के अचानक लापता होने के मामले में छात्रावास प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। छात्रा के पिता अरविंद आदिवासी निवासी ग्राम नकतुआ, तहसील सिलवानी ने संबंधित अधिकारी सहित सिलवानी एसडीएम अलका सिंह को शिकायत देकर छात्रावास की अधीक्षिका पर गंभीर लापरवाही और कर्तव्य में चूक के आरोप लगाए हैं। उन्होंने अधीक्षिका को निलंबित कर जांच एवं कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार 22 सितंबर को सुबह करीब 11 बजे उनकी बेटी जमुनिया बालिका छात्रावास से अचानक लापता हो गई। पिता का आरोप है कि इतनी गंभीर घटना के बावजूद छात्रावास की अधीक्षिका ने उन्हें तत्काल सूचना नहीं दी। पिता अरविंद के मुताबिक उन्होंने दोपहर करीब 3 बजे छात्रावास में फोन कर बेटी से बात कराने को कहा था, लेकिन उस समय भी उनसे बेटी की बात नहीं कराई गई। उन्हें बाद में बात कराने की बात कहकर टाल दिया गया। शाम करीब 5 बजे छात्रावास की अधीक्षिका ने फोन कर बताया कि उनकी बेटी छात्रावास से लापता हो गई है। इसके बाद घटना की जानकारी मिलने पर उन्हें थाने बुलाया गया। वहां पहुंचने पर उन्होंने बेटी की हालत खराब देखी। इसके बाद उसे

बिना चिकित्सकीय परामर्श दवा देने का आरोप

शिकायत में छात्रा के पिता अरविंद ने बेटी से मिली जानकारी के आधार पर आरोप लगाया है कि छात्रावास अधीक्षिका ने अपनी मनमर्जी से उसे कोई गोली या इस दवा दी थी। इसके बाद उसकी तबीयत और अधिक खराब होने की बात सामने आई। पिता ने मांग की है कि छात्रा को कौन-सी दवा दी गई, किस कारण से दी गई और क्या वह चिकित्सकीय परामर्श के आधार पर दी गई थी, इसकी जांच की जाए। पिता ने कहा कि छात्रावास में रहने वाली बालिकाओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी छात्रावास प्रबंधन एवं अधीक्षिका की होती है। ऐसे में छात्रा के लापता होने, बीमारी की जानकारी परिवार को नहीं देने और उपचार संबंधी मामले में कथित लापरवाही की निष्पक्ष जांच जरूरी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

मानसिक स्थिति पर सवाल

शिकायत में छात्रा के पिता अरविंद सिंह ने आरोप लगाया है कि अस्पताल में छात्रावास की अधीक्षिका ने उनकी बेटी की मानसिक स्थिति खराब होने की बात कही। पिता का कहना है कि उनकी बेटी सामान्य अवस्था में है और उसे किसी प्रकार की मानसिक बीमारी या मानसिक समस्या नहीं है

दो-तीन दिन से था बुखार परिवार को नहीं बताया

पिता ने शिकायत में यह भी कहा है कि घटना से पहले उनकी बेटी करीब दो-तीन दिन से बुखार से पीड़ित थी। इसकी जानकारी छात्रावास की अधीक्षिका ने उन्हें या परिवार के किसी सदस्य को मोबाइल फोन पर क्यों नहीं दी। उनका कहना है कि यदि समय पर सूचना मिल जाती तो वे बेटी को उचित चिकित्सकीय उपचार दिला सकते थे।

इनका कहना है

उदेहरा जमुनिया के आदिवासी बालिका छात्रावास में लापरवाही सामने आई है। छात्रावास अधीक्षक के विरुद्ध कड़ा एक्शन लिया जाएगा।

अलका सिंह, एसडीएम सिलवानी

श्री निराला साहित्य समिति द्वारा महिला सशक्तीकरण पर परिचर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



श्री निराला साहित्य समिति द्वारा 'सेवा संकल्प अभियान' के अन्तर्गत पीएम श्री शासकीय कन्या शाला में महिला सशक्तीकरण विषय पर एक विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में बरेली न्यायालय न्यायाधीश सुश्री अंकिता नागर उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में महिलाओं के अधिकारों और समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित अधिवक्ता ज्योति ठाकुर ने छात्राओं को महिला अधिकारों से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बाल कवित्री कुशाली साहू ने महिला सशक्तिकरण पर अपनी बेहद सुंदर कविता का पाठ किया, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने खूब सराहा।

इस अवसर पर श्री निराला साहित्य समिति के अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़ ने महिला सशक्तीकरण पर अपने विचार प्रकट किए उपाध्यक्ष जसवंत सिंह धाकड़ एवं सचिव अवध सक्सेना विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन कवि प्रेम नारायण साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्राचार्य यूएस अहिरवार द्वारा सभी अतिथियों, वक्ताओं और आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया। विद्यालय शिक्षक श्याम सिंह ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।

28 को बाड़ी में किसान संवाद होगा

किसान संवाद को लेकर जगह जगह बांटे जा रहे आमंत्रण पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

मध्यप्रदेश की बासममी जीआई टैग दिलाने और बासमती उत्पादक किसानों के मुद्दों को लेकर आगामी 28 सितंबर को बाड़ी में होने वाले किसान संवाद की तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम को लेकर बाड़ी क्षेत्र में किसान नेता और कार्यकर्ता सक्रिय नजर आ रहे हैं तथा जगह-जगह पहुंचकर किसानों एवं स्थानीय लोगों को आमंत्रण पत्र सौंपकर किसान संवाद में शामिल होने का आग्रह कर रहे हैं। मध्यप्रदेश के बासमती को जीआई टैग दिलाने की मांग को लेकर जिले के उदयपुरा में आयोजित किसान संवाद में भी बासमती उत्पादक किसानों ने अपनी समस्याएं और मांगें रखी थीं। बाड़ी में कांग्रेस के किसान नेताओं द्वारा किसानों से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हें कार्यक्रम की जानकारी दी जा रही है। हाथों में आमंत्रण पत्र और किसानों के मुद्दों को लेकर कार्यकर्ता गांव-गांव एवं क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि बासमती किसानों से जुड़े मुद्दों पर अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी जरूरी है। 28 सितंबर को अटवाल रिसोर्ट बाड़ी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किसान संवाद होगा। जबकि शाम 3 से 5 बजे तक सामूहिक किसान भोज रखा गया है। आमंत्रण पत्र के अनुसार कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह उपस्थित रहेंगे।

बासमती किसानों से जुड़े मुद्दों पर भागीदारी जरूरी

नगर के चौधरी चौक में विराजे दक्षिण मुखी तांत्रिक श्री गणेश

मूषक पर सवार श्री गणेश को चढ़ाते सिंदूर का चोला



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर की पुरानी बस्ती के चौधरी चौक की एक गली में श्री गणेश जी की दक्षिण मुखी प्रतिमा गणेश भक्तों के लिए नगर में प्रमुख सिद्ध केंद्र बना हुआ है। दक्षिण मुखी तांत्रिक श्री गणेश मूषक पर सवार है और उन्हें हनुमान जी की तरह सिंदूर का चोला भी चढ़ाया जाता है। गली में निवास करने वाले हरिकांत तिवारी ने बताया कि जब गणेश प्रतिमा ने चोला छोड़ा तब मालूम हुआ कि यह गणेश जी की दसवीं शताब्दी की प्रतिमा है। तिवारी परिवार के द्वारा पिडीयो से गणेश जी की नियमित रूप से पूजन आरती की जा रही है। प्रत्येक दिन और चतुर्थी पर गणेश भक्तों की पूजन आरती के दौरान भारी उपस्थिति रहती है।

मडिया में एक साथ गणेश जी एवं हनुमान जी

गली में एक चबूतरे पर मडिया बनी हुई है इस मडिया में दक्षिण मुखी श्री गणेश जी मूषक पर सवार है इसफटिक की शिला पर प्रतिमा है। बगल में हनुमान जी की भी प्रतिमा है समीप मुदगर रखा हुआ है। अपने आप में अनोखी श्री गणेश जी की प्रतिमा द्वारा बार-बार चोला भी छोड़ती है। श्रद्धालुओं को एक ही स्थान पर एक साथ श्री गणेश जी एवं हनुमान जी के दर्शन पूजन आरती करने का अवसर प्राप्त होता है। संकट मोचन विघ्नहर्ता गणपति बप्पा नगर की निवासियों की संकटों से सदियों से रक्षा करते आ रहे हैं।

पर्युषण पर्व पर पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में हो रहे कार्यक्रम

अभिषेक व संगीत मय आरती से मंदिर परिसर गूंज उठता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज



पर्युषण पर्व के पावन अवसर पर पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में धर्म और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यहां दस दिनों तक चलने वाले दशलक्षण पर्व के तहत रोजाना विशेष कार्यक्रम हो रहे हैं। सुबह शांति धारा विधान, भगवान का पवित्र अभिषेक और संगीत मय आरती से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठता है। और शाम के समय धर्म सभा में विद्वानों के मुख से प्रवचन होते हैं, जिसे सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पर्व के नौवें दिन उत्तम आकिंचन्य धर्म मनाया गया। इस मौके पर जैन समाज के अध्यक्ष अक्षय जैन ने बहुत ही सरल शब्दों में इसका मतलब समझाया। उन्होंने कहा ₹आकिंचन्य का सीधा मतलब है - इस संसार में मेरे आत्मा के अलावा एक कण भी मेरा नहीं है। हम जीवन भर मेरा-मेरा करते रहते हैं। ये घर मेरा है, ये परिवार मेरा है, ये धन मेरा है। यही ममता हमें दुख देती है।₹ अक्षय जैन ने कहा कि आकिंचन्य धर्म सिर्फ पैसे या कपड़ों को छोड़ना नहीं है। असली त्याग मन से होता है। मन के अंदर जो अहंकार है, जो अधिकार जताने की भावना है, जो मोह है - उसे छोड़ना ही सच्चा आकिंचन्य है। जब इंसान ये समझ लेता है कि मैं तो सिर्फ ज्ञान वाली आत्मा हूँ, ये शरीर और संसार की कोई चीज मेरी नहीं, तब उसके मन में जो शांति आती है, वही मोक्ष का रास्ता है।